# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 28.07.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – केंद्र और राज्यों के सामूहिक प्रयासों से दो हजार सैंतालीस में विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी।
- केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुकान्तो मजूमदार ने कहा कि इस बार का केन्द्रीय बजट भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक बढ़ता हुआ कदम है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने ग्रामीण क्षेत्रों में नाबार्ड की ओर से वित्तीय समावेशी सहयोग के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।
- मरम्मत कार्य के चलते एम वी ऑस्टिन–तीन की सेवा को आज से रद्द किया गया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत दो हजार सैंतालीस प्रत्येक भारतीय की महत्वाकांक्षा है। नीति आयोग की नौवीं शासी परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि लोगों से सीधे जुड़े होने के कारण राज्य इस उद्देश्य को हासिल करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। श्री मोदी ने कहा कि यह प्रौद्योगिकी और भू–राजनीति तथा अवसरों के लिए परिवर्तन का दशक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को इन अवसरों का लाभ उठाकर अंतर्राष्ट्रीय निवेश के लिए अनुकूल नीति बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रगति का माध्यम है। श्री मोदी ने कहा कि देश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारत ने सौ वर्ष में एक बार आने वाली महामारी पर विजय प्राप्त की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के सपनों को सभी राज्यों के सम्मिलित प्रयासों से पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विकसित राज्य विकसित भारत बनाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को दो हजार सैंतालीस तक विकसित बनाने के लिए कौशल, अनुसंधान, नवाचार और रोजगार आधारित जानकारी की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री ने नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम की सराहना की। श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, मुद्रा योजना, पीएम विश्वकर्मा, पीएम स्वनिधि, आपराधिक न्याय प्रणाली जैसे सुधारों का उपयोग भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था में युगांतकारी परिवर्तन लाने के लिए किया जाना चाहिए।

**<><><><><><><>**

केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुकान्तो मजूमदार ने कहा कि इस बार का केन्द्रीय बजट भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक बढ़ता हुआ कदम है। पोर्ट ब्लेयर में कल प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस बजट में सरकार ने गरीब युवा अन्नदाता और नारी सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया है। इन सभी वर्गों के कई सारी योजनाओं का क्रियान्वयन जारी रखा गया है, ताकि देश के गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को भी सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह सरकार देश के लोगों और उनके कल्याण के लिए हमेशा काम करती रहेगी।

**बाईट—मिनिस्टर—39 से0**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अजय बैरागी ने कहा कि देश के विकास के लिए यह बजट काफी महत्वपूर्ण है। यह बजट सही मायने में एक महत्वपूर्ण बजट है। इस अवसर पर पार्टी के डॉ. आर. देवदास ने द्वीपसमूह में प्लान फंड के तहत जारी की गई राशि का उल्लेख करते हुए आने वाले दिनों में होने वाले विकास कार्यों का ब्यौरा दिया।

**<><><><><><><>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह रेडियो के इस मासिक कार्यक्रम की एक सौ बारहवीं कड़ी है। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्कों, ए आई आर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी के यू ट्यूब चैनल, डी डी न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में इसकी सीधा प्रसारण किया जाएगा। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के तुरंत बाद सभी क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण होगा।

**<><><><><><><>**

नाबार्ड की द्वीपसमूह क्षेत्रीय कार्यालय ने हाल ही में अपना स्थापना दिवस मनाया। कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य सचिव केशव चन्द्र मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में नाबार्ड की ओर से वित्तीय समावेशी सहयोग के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने चलंत ग्रामीण मार्ट, हवाई अड्डे में स्वयं सहायता समूह स्टॉल, प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों का आधुनिकीकरण करने और इनके साथ ताजे पानी में झींगा पालन के अलावा कई अन्य क्षेत्रों में सहयोग देने और ग्रामीण जनता के लाभ के लिए कदम उठाए जाने के लिए उनकी प्रशंसा की। नाबार्ड की महाप्रबंधक अर्चना सिंह ने कहा कि नाबार्ड और एस बी आई के समर्पित प्रयासों के चलते द्वीपों की लखपति दीदियों को डिजिटल वित्तीय प्लेटफार्म में लाया गया। कार्यक्रम के दौरान एक सौ लखपति दीदियों को पॉस मशीन का वितरण किया गया।

<><><><><><><>

चाथम और डंडस प्वाइंट के बीच सेवा प्रदान करने वाली जलयान एम वी ऑस्टिन–तीन की मरम्मत कार्य चलने के कारण इसकी सेवा को आज से रद्द किया गया है। यात्रियों से कहा गया है कि निदेशालय द्वारा जल्द ही इस जलयान की मरम्मत कार्य को पूरा कर लिया जाएगा।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य विशाल जॉली ने बम्बूफ्लाट के नया बस्ती निवासी और अवकाश प्राप्त सहायक निदेशक जनक राम के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका कल रात निधन हो गया। वे सत्तर वर्ष के थे। शवयात्रा यात्रा आज दिन में ग्यारह बजे इनके निवास स्थान से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य विभाग की आयुष शाखा की ओर से पिछले दिनों आंगनवाड़ी केन्द्र मक्का पहाड़ में वृद्ध स्वास्थ्य देखभाल और मोटे अनाज पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर न्यू बिम्बलीटान की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीना शाह ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए इस शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गाराचरमा के चिकित्सा अधिकारी होमियोपैथी डॉ. शफीक ने विभिन्न गैर रोगाणुवाहक रोगों के बारे में जानकारी देते हुए शारीरिक अभ्यास और स्वस्थ जीवन

शैली अपनाने के तरीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. अंकुश पॉल और शिक्षक महेन्द्र पाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि पंचायत समिति सदस्य पिच्चईमाल ने सभी से स्वस्थ रहने के लिए दिनचर्या में खान–पान और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी।

<><><><><><><>